**नवाचार** | भोपाल में एग्रीकल्चर एक्सपो में बायोचार इकाई को मिली सराहना, नवाचार से सशक्त होतीं महिला किसान

# महिला किसानों की बायोचार तकनीक ने खींचा सबका ध्यान





**नारायणगंज/निवास।** प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित एग्रीकल्चर एक्सपो इन दिनों प्रदेश भर के किसानों, स्टार्टअप्स और कृषि विशेषज्ञों के लिए नवाचार का एक बड़ा केंद्र बना हुआ है।

इस प्रदर्शनी में निवास एवं नारायणगंज विकासखंड की महिला किसानों ने अपने अनूठे कृषि नवाचारों से गहरी छाप छोड़ी है। प्रदान संस्था के अनुरुद्ध कुमार शास्त्री ने बताया कि महिला किसानों को यदि सही मार्गदर्शन और तकनीक मिले, तो ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल सकती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। एक्सपो में मिली इस पहचान से जिले की अन्य महिला किसानों में भी उत्साह का संचार हुआ है।

### महिला किसानों ने साझा किए अनुभव

महिला किसानों ने बताया कि वे किस प्रकार प्रदान संस्था के सहयोग से जमीनी स्तर पर आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल कृषि कार्यों को अंजाम दे रही हैं। इन किसानों ने साझा किया कि बायोचार तकनीक के प्रयोग से न केवल फसलों की उत्पादकता में सुधार हुआ है, बल्कि रासायनिक उर्वरकों पर उनकी निर्भरता भी काफी कम हुई है।

### बायोचार, मिट्टी और पर्यावरण के लिए वरदान

प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि बायोचार जैसी तकनीकें मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम करने में भी सहायक हैं। सरकार का लक्ष्य है कि ऐसी इकाइयों का विस्तार कर उन्हें प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ा जाए, ताकि किसानों की आय में स्थायी वृद्धि हो सके।

**मुख्यमंत्री ने किया नवाचारों का अवलोकन**

एक्सपो के दौरान मुख्यमंत्री ने भी विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को और सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एक्सपो में आधुनिक कृषि यंत्र, जैविक खेती, जल संरक्षण और मूल्य संवर्धन से जुड़े उत्पादों का विशेष प्रदर्शन किया जा रहा है।

**इनका कहना है**

हम महिलाओं ने बायोचार को अपनाकर अपनी खेती में अच्छा बदलाव देखा है। यहां आने का अवसर मिलना हमारे लिए प्रेरणादायक है, इससे हमें आगे और बेहतर काम करने का हौसला मिला है।

**बिस्मा वरकड़े, महिला किसान**

बायोचार यूनिट्स में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कृषि अपशिष्ट जैसे धान की भूसी, मक्का के डंठल, जगनी रामतिला, राखड़ आदि का उपयोग करते हुए पर्यावरण अनुकूल पायरोलेसिस प्रक्रिया द्वारा बायोचार का निर्माण किया जा रहा है।

**पूनम, प्रदान संस्था**

संस्था के सहयोग से हम महिलाओं ने नई तकनीकें अपनाई हैं। इससे हमारी खेती मजबूत हुई है और अब हम आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं।

**मुन्नी विश्वकर्मा, महिला किसान**

महिला किसान आज केवल खेती तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे नवाचार और पर्यावरण-संवेदनशील तकनीकों को अपनाकर नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। बायोचार इकाई जैसी पहल से न केवल मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है, बल्कि महिलाओं की आय और आत्मनिर्भरता भी बढ़ रही है।

**अनुरुद्ध शास्त्री, प्रदान संस्था**



# निमंत्रण देने घर-घर पहुंच रहे कार्यकर्ता

- 18 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज, निकली कलश यात्रा



**भुआ बिछिया।** आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। इसी तारतम्य में सर्व हिंदू समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली जा रही है। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित इस यात्रा में स्थानीय युवाओं और मातृशक्ति ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कलश यात्रा का शुभारंभ हिंदू सम्मेलन कार्यालय से हुआ, जो खेरमाई मंदिर होते हुए राजराजेश्वरी मंदिर पहुँची, जहाँ कलश की स्थापना की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह यात्रा नगर के विभिन्न मंदिरों जैसे शिव मंदिर ब्लॉक कॉलोनी, जयंतीपुर हनुमान मंदिर, बस स्टैंड हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर भुआ और माँ बंजारी मंदिर से होते हुए 15 जनवरी को कल्याण आश्रम में विश्राम करेगी।

सम्मेलन की भव्यता सुनिश्चित करने के लिए हिंदू कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीले चावल देकर समाज को आमंत्रित कर रहे हैं। नगर के प्रमुख चौराहों और मंदिरों में कलश स्थापना के माध्यम से धर्म जागरण का संदेश दिया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर संपूर्ण बिछिया क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

# 350 क्विंटल जब्त मूंगफली की हुई खुली नीलामी

- 8001 रुपये प्रति क्विंटल लगी सर्वाधिक बोली



**भुआ बिछिया।** कृषि उपज मंडी समिति बिछिया में मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत जप्तशुदा मूंगफली दाना (लगभग 350 क्विंटल) की खुली नीलामी मंगलवार को सम्पन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया में कुल 11 व्यापारियों ने 50-50 हजार रुपये की अमानत राशि जमा कर भाग लिया।

नीलामी प्रक्रिया संयुक्त संचालक आंचलिक कार्यालय जबलपुर शाहिद खान, एसडीएम बिछिया के निर्देशन में तहसीलदार शंकर मरावी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि गौतम एवं मंडी सचिव कन्हैया सिंह मरकाम की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

खुली नीलामी में सर्वाधिक 8001 रुपये प्रति क्विंटल की बोली नैनपुर मंडी के पंजीकृत अनुज्ञप्तिधारी फर्म राम कैलाश गिरधर कुमार के प्रतिनिधि गिरधर खंडेलवाल द्वारा लगाई गई। उक्त बोली पर मंडी सचिव द्वारा विक्रय की स्वीकृति प्रदान कर नीलामी प्रक्रिया पूर्ण की गई।

# 7 दिन के अंदर जांच कर प्रस्तुत करें प्रतिवेदन

**चिल्हारी।** जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाड़े से बाघ शावक के भाग जाने और बाघ की हुई मौत मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख ने क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को जांच कर 7 दिवस के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि बीते दिनों ताला जोन मे बनाये गए बाड़े में दो बाघ शावको को रेस्क्यू कर लाया गया था, इसमें से एक बाघ शावक फेंसिंग कूदकर जंगल की ओर भाग गया, वहीं धमोखर बफ़र परिक्षेत्र के जंगल में एक बाघ का शव कुंए में पाया गया था। बताया जाता है कि बाघ के मौत मामले की दोनों घटनाओं पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख भोपाल ने क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को जांच कर 7 दिवस के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# बीजाडांडी पुलिस ने छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों को सिखाए सुरक्षा के गुर

- हेलमेट और सीटबेल्ट के प्रति किया जागरूक



**बीजाडांडी।** क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने और जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता कुडापे के नेतृत्व में सभी बीट और माइक्रो बीट प्रभारियों द्वारा कस्बा, देहात, स्कूलों, बाजारों और औद्योगिक क्षेत्रों में जाकर लोगों को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।

अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी छात्रावास और मॉडल विद्यालय बीजाडांडी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को समझाइश दी कि वे स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों को वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही, वाहन की गति सीमित रखने की भी हिदायत दी गई।

### सायबर सुरक्षा के लिए जारी किये हेल्पलाईन नंबर

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के अंतर्गत छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने की शपथ दिलाई गई। पुलिस ने सायबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर सायबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049141561 भी जारी किए।

### मनेरी और मानिकसरा में भी जागरूकता की गूंज

बीजाडांडी के साथ-साथ पुलिस चौकियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौकी मनेरी के पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल में करीब 70 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को जागरूक किया गया। चौकी मानिकसरा के पंचायत भवन में सरपंच, सचिव, कोटवार और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हेलमेट धारण करने और नशा मुक्ति पर चर्चा की गई, जिसमें करीब 60 ग्रामीण शामिल हुए।

### इनका रहा सराहनीय सहयोग

इस पूरे अभियान को सफल बनाने में थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता कुडापे, उपनिरीक्षक राजकुमार झारिया, सउनि छवि सूर्यवंशी, आरक्षक प्रमोद शर्मा व विजय की सक्रिय भूमिका रही। वहीं चौकी मनेरी से उनि शशांक शुक्ला व आरक्षक आनंद, और चौकी मानिकसरा से सउनि मनोज सेन व प्रआर शिवचरण बाकडे ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जहर मुक्त खेती से लेकर नाड़ी चिकित्सा के सीखे गुर



- गुरुकुल में तीन दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**गाजीपुर।** नर्मदा तट स्थित गाजीपुर के जिलहरी घाट में संचालित काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय वक्ता निर्माण शिविर का समापन हुआ। 9 जनवरी से प्रारंभ हुए इस शिविर में समाज निर्माण और स्वावलंबन से जुड़े विभिन्न गूढ़ विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर के दौरान प्रशिक्षकों ने आधुनिक और प्राचीन भारतीय पद्धतियों के समन्वय पर जोर दिया। प्रशिक्षण के मुख्य विषयों में मनोविज्ञान, गर्भ विज्ञान, जहर मुक्त प्राकृतिक कृषि, नाड़ी चिकित्सा, भारतीय शिक्षा व्यवस्था और गुरुकुल पद्धति शामिल रहे। इसके अतिरिक्त शिविरार्थियों को भारतीय संस्कृति, घरेलू उद्योगों के माध्यम से स्वतंत्र रोजगार, परिवार नियोजन और प्राचीन पशु चिकित्सा विज्ञान की बारीकियों से भी अवगत कराया गया।

इस शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में हरियाणा से आए प्रशिक्षक सुनील शर्मा और अंगिरा वैदिक ने अपने ओजस्वी व्याख्यानों और व्यावहारिक ज्ञान से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में जिला मुख्यालय सहित महाराजपुर, गाजीपुर, ग्वारी, पटेहरा, झुरकी एवं पड़ोसी जिलों सिवनी व छिंदवाड़ा से बड़ी संख्या में युवा और धर्मप्रेमी शामिल हुए। शिविर के सफल समापन पर गुरुकुल परिवार ने सभी शिविरार्थियों, सहयोगियों और दानी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





# लालीपुर में सरकारी हैंडपंप उखाड़कर बनाया अवैध होटल

- दुर्गा मंदिर के पास सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, कलेक्टर से की शिकायत

**लालीपुर।** लालीपुर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर परिसर के पास सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का एक मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिक विक्रम सिंह ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को एक शिकायती आवेदन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में लालीपुर निवासी रोहित पटेल पर आरोप है कि उसने दुर्गा मंदिर के समीप स्थित सरकारी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया है। बताया गया है कि उक्त भूमि पर पहले एक सरकारी हैंडपंप स्थापित था, जिसका उपयोग मंदिर आने वाले श्रद्धालु और स्थानीय राहगीर करते थे। आरोपी ने उस हैंडपंप को उखाड़कर उसी जगह पर अवैध रूप से होटल का संचालन किया जा रहा है। आरोपी ने नजूल एवं जिला उद्योग विभाग की भूमि पर बिना किसी अनुमति के दो मंजिला पक्का निर्माण कर लिया है। इसके साथ ही आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड होने और उसके पूर्व में जबलपुर जेल से जमानत पर रिहा होने की बात भी सामने आई है।

**असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा-** शिकायत में बताया गया कि इस अवैध होटल में अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इसके कारण मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और क्षेत्र का सामाजिक वातावरण भी दूषित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जा हटाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।




# रितिक और मालती रहे प्रथम स्थान पर

- अमरपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस पर रन फॉर स्वदेशी का आयोजन

**डिण्डौरी, अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस उपलक्ष्य में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती मालती तिवारी एवं ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच रामनाथ उद्दे द्वारा हरी झंडी दिखा कर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का शुभारंभ कर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के स्वदेशी भावना, युवाओं में राष्ट्रभक्ति और आत्मगौरव, आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के साथ स्वदेशी वस्तु खरीदने व उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर, स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम, जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे की संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। रन फॉर स्वदेशी प्रतियोगिता में रितिक मार्को एवं मालती मरकाम प्रथम स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. आशीष मरावी, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. निधि सिंह, डॉ. निगहत खान, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, प्रदीप कहार, जयदीप दुबे, दीपचंद गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, समीर धुर्वे, सहज सिंह मरावी, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस ने हमलावर चाकूबाज को दबोचा

- घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल जब्त

**शहपुरा, डिण्डौरी।** चौकी विक्रमपुर क्षेत्रांतर्गत कस्बा विक्रमपुर में मढ़ई आयोजन के दौरान आरोपी नीरज मालवे द्वारा पीड़ित जितेन्द्र बघेल को पावर हाउस के पास बुलाकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी गई। हमले में पीड़ित के दाहिने हाथ की उंगली एवं चेहरे पर ठुड्डी से कान तक गंभीर चोट आई, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ।

घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक जिला डिंडोरी वाहनी सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा एवं एसडीओपी शहपुरा अजय तिवारी के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर चाकूबाज आरोपी नीरज मालवे को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।





# वालीबॉल स्पर्धा में सागर आर्मी टीम बनी विजेता

**डिण्डौरी, अमरपुर।** विकासखंड अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत जलेगांव के पोषक ग्राम खितगांव में तीन दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें जनपद पंचायत अमरपुर सहित जिले व अन्य जिलों की नामीग्रामी टीमों ने लगभग 20 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए सागर आर्मी टीम ने स्पाईकर बिछिया को पराजित कर फाइनल खिताब अपने नाम किया। प्रथम विजेता टीम सागर आर्मी को 10 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी, उपविजेता टीम स्पाईकर बिछिया को 7 हजार रूपए नगद व ट्रॉफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शहडोल टीम को 3 हजार रुपए नकद व ट्राफी प्रदान की गई। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रीतम सिंह मरावी रहे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, उपाध्यक्ष जय सिंह राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, अशोक साहू, कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तोक सिंह मरावी, कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष शहपुरा देव सिंह भारती, मत्ते सिंह पट्टा, आयोजन समिति अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सरपंच राय सिंह नेताम, उपाध्यक्ष राजकुमारी पट्टा, सचिव जीवन लाल परस्ते, कोषाध्यक्ष विमला बाई धुर्वे आदि उपस्थित रहे।